**समाचार** विज्ञप्ति

# आउटरीच से एल्बर्टावासियों को COVID से संबंधित संसाधनों के साथ जुड़ने में सहायता मिलेगी

दिसंबर 15, 2020 मीडिया पूछताछ

एल्बर्टा की सरकार COVID-19 के संक्रमण और फैलाव की विशेषकर बहुत ऊँची दर वाले विशिष्ट समुदायों के लिए नए आउटरीच कार्यक्रमों और समर्थनों के साथ आगे बढ़ रही है।

एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) ने एडमोंटन और कैलगरी में 11 ऐसे समुदायों की पहचान की है।

15 दिसंबर से इन समुदायों के निवासियों के लिए कई नए कार्यक्रम और समर्थन उपलब्ध होंगे। इनमें शामिल हैं:

- एकाँतवास के लिए होटल और आर्थिक सहायता
  - इन क्षेत्रों में जिन व्यक्तियों की COVID -19 जाँच का परिणाम सकारात्मक निकलता है, वे 14 दिनों के लिए नि:शुल्क रूप से होटल के कमरे में रहने के पात्र होंगे, जिसमें सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त भोजन भी शामिल है।
  - जब ये व्यक्ति-विशेष अपना एकाँतवास पूरा कर लेते हैं, तो वे $625 की अस्थायी आर्थिक सहायता के लिए भी पात्र होंगे।

- COVID देखभाल टीमें (COVID Care Teams)
  - समुदाय के नेतृत्व में ये आउटरीच टीमें वायरस के फैलाव को सीमित करने के लिए आधारिक समर्थन और हस्तक्षेप भी उपलब्ध कराएँगी।
  - इन क्षेत्रों में मास्क, सैनिटाइज़र और कई भाषाओं में जानकारी-युक्त देखभाल पैकेज वितरित किए जाएँगे।
  - COVID-19 के आकलन और जाँच सुविधाओं के लिए सुरक्षित परिवहन उपलब्ध होगा।
  - सामुदायिक अग्रणियों और स्थानीय आस्था एवं व्यवस्थापन संगठनों द्वारा आउटरीच का नेतृत्व और समर्थन किया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो अनुवादक भी सहायता प्रदान करेंगे।

## मल्टीमीडिया

समाचार सम्मेलन देखें
समाचार सम्मेलन की तस्वीरें देखें
*(इन्हें आयोजन के बाद जोड़ा जाएगा)*
COVID केयर पैकेज की B-रोल फुटेज

## मीडिया पूछताछ

**क्रिस्टीन मायट**
780-446-2179
संचार उप निदेशक/प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय

- जन जागरुकता अभियान
    - एल्बर्टा की सरकार ने अंग्रेज़ी-भाषा से संबंधित अवरोधों का सामना करने वाले एल्बर्टावासियों को सीधे जनस्वास्थ्य-संबधी महत्वपूर्ण सूचना देने के लिए एक आउटरीच अभियान विकसित किया है, जिसमें अनुवादित सामग्री और अन्य समर्थनों की विस्तारित सुलभता उपलब्ध होगी।
    - रेडियो, टेलीविजन और प्रिंट विज्ञापन के साथ-साथ विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों और वेब प्लेटफॉर्मों के माध्यम से संदेशों को 10 भाषाओं में वितरित किया जाएगा।

"इस महामारी से पूरे प्रांत में गहरा प्रभाव पड़ा है और इसने हमारे सभी समुदायों और हमारी अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को छुआ है - परंतु कुछ लोगों के लिए यह प्रभाव और भी अधिक गंभीर है। एल्बर्टा की सरकार फैलाव की ऊँची दर वाले समुदायों में परिवारों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगी। हमें उन लोगों से वहीं पर मिलने और उन्हें सुरक्षित रहने में सहायता देने की आवश्यकता है, जहाँ वे उपस्थित हैं।"
*जेसन केनी, प्रीमियर*

"हम उन समुदायों की मदद के लिए समर्थनपूर्ण और सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं, जिन्हें सबसे अधिक प्रभाव महसूस हो रहा है। दयाभाव के प्रयासों से हम अवरोधों तक पहुंचेंगे और अपने पड़ोसियों को वह सभी जानकारी और समर्थन उपलब्ध कराएँगे, जिनकी उन्हें अपने परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यकता है।"
*ट्रेसी एलार्ड, नगर निगम मामले मंत्री*

"सभी पृष्ठभूमियों के एल्बर्टावासी इस महामारी से प्रभावित हुए हैं। एल्बर्टा की सरकार मानती है कि सभी एल्बर्टावासियों की सुरक्षा के लिए साहसिक विचारों की आवश्यकता है। मैं समुदायों के अग्रणियों को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने अपने-अपने समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्बर्टा की सरकार को देखभालपूर्ण और दयाभाव की कार्यनीति विकसित करने में सहायता दी है। हम इस महामारी की चुनौती पर जीत हासिल करेंगे, और हम इसे एक साथ करेंगे।"
*कायसी माडु, न्याय मंत्री और सॉलिसिटर जनरल*

"हम सांस्कृतिक और समुदाय-आधारित संगठनों के नेताओं के साथ साझेदारी में काम कर रहे हैं, ताकि ज़रूरतमंद लोगों को जानकारी और सहायता प्रदान की जा सके। ये संगठन समुदायों की आवश्यकताओं को सबसे अच्छी तरह से समझते हैं और हम सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायता देने के उद्देश्य से उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं।"
*राजन साहनी, समुदाय और सामाजिक सेवा मंत्री*

"साझेदारी में काम करने से समुदाय एक-साथ आते हैं और हमारे प्रयास और भी अधिक मजबूत बन पाते हैं। हम में से कई लोग वसुधैव कुटुंबकम् (पूरा संसार ही बड़ा परिवार है) सुनते हुए बढ़े हुए हैं। इस संयुक्त प्रयास के माध्यम से हम सभी को बड़े परिवार के रूप में एक-साथ लाने के लिए प्रीमियर केनी और उनकी सरकार को धन्यवाद। मुझे विश्वास है कि संसाधनों को साझा करने, सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं और आपसी समर्थन एवं विशेषज्ञता का लाभ उठाकर हम जागरुकता पैदा करेंगे और एक समुदाय के रूप में सशक्त बनकर उभरेंगे।"
*रेखा गढ़िया, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर-कैलगरी*

“आप्रवासियों और नए आए लोगों को समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक संगठन के रूप में हम प्रत्यक्ष रूप से COVID-19 के विनाशकारी प्रभावों को जानते हैं, जो पहले से ही कई बाधाओं का सामना कर रहे समुदायों को प्रभावित कर सकते हैं। यह घोषणा मौजूदा और नए डेटा का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में पहला कदम है। हम COVID-19 के फैलाव को सीमित करने के लिए इन समुदायों की प्रतिक्रिया में सहायता देने वाले ऐसे सूचित और लक्षित कार्यक्रम बनाने के लिए सरकार की सराहना करते हैं।”
*शरीफ हाजी, कार्यकारी निदेशक, अफ्रीका केंद्र*

एल्बर्टा की सरकार यथार्थ उपायों के माध्यम से जीवन और आजीविकाओं का संरक्षण करते हुए COVID-19 महामारी का उत्तर दे रही है, ताकि घुमाव को नीचे किया जा सके, छोटे व्यवसाय बने रहें और एल्बर्टा की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सुरक्षित रखा जा सके।

## पृष्ठभूमि

फैलाव की सबसे ऊँची दरों का सामना करने वाले 11 समुदायों को कुछ ऐसी बाधाओं से जूझना होता है, जो उनके समुदायों में अधिक प्रचलित हैं। इनमें शामिल हैं:

- लोगों से आमने-सामने संपर्क करने, ऊँचे खतरे वाले क्षेत्रों में रोजगार – जैसे, फ्रंट-लाइन हेल्थ केयर, रख-रखाव, परिवहन।
- औसत आय से कम आजीविका के कारण ऊँचे घनत्व की आवासीय व्यवस्थाएँ, जिनमें अक्सर बहु-परिवार या बहु-पीढ़ी घरबार शामिल होते हैं।
- एल्बर्टा में और अधिक नवागंतुक, जिनके लिए संभावित रूप से पहले से ही समर्थन स्थापित नहीं हैं।
- ऐसे व्यक्ति-विशेषों का ऊँचा अनुपात, जिन्हें अंग्रेज़ी भाषा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है।